उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**सोमवार, 01 चैत्र, शक संवत्, 1932**
**( दिनांक : 22 मार्च, 2010 )**
**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक- महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2008-09 के वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
10. वित्तीय वर्ष 2010-11 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।
11. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।
12. जनपद चम्पावत में राष्ट्रीय राजमार्ग 125 में जगबूड़ा नदी पर 20 सितम्बर, 2008 को क्षतिग्रस्त हुए पुल का निर्माण कार्य अत्यन्त धीमी गति से चलने के संबंध में श्रीमती वीना महराना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2010 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।
13. जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड लमगड़ा के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल की गंभीर समस्या से वहां की जनता को निजात दिलाने के लिए अल्मोड़ा जल निगम निर्माण शाखा द्वारा स्वैप योजना के अन्तर्गत कपिलेश्वर पम्पिंग पेयजल योजनाओं का निमार्ण 3-4 वर्षो में भी नहीं किये जाने से ग्रामीण जनता में उत्पन्न रोष के संबंध में श्री मनोज तिवारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2010 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 22 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमख सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 01 चैत्र, शक संवत्, 1932

( दिनांक : 22 मार्च, 2010 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>04.03.2010 | ** क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी को गंदे नालों आदि के प्रदूषण से मुक्त कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सोमवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>12.06.2009 | *1. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि मसूरी, देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित विद्युत स्ट्रीट लाइटों का अधिभार एम0डी0डी0ए0 को देना पड़ता हैं? क्या यह सत्य है कि एम0डी0डी0ए0 द्वारा विद्युत लाइटों का बिल वहन न किये जाने के कारण कनेक्शन हटा दिये जाते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्युत लाइटों को अधिभार से मुक्त रखने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक उक्त योजना पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>26.10.2009 | *2. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त। | आपदा प्रबन्धन |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.01.2010 | *1. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्व विद्यालय से कितने शिक्षण संस्थानों की संबद्वता है? क्या विश्व विद्यालय से संबद्ध सभी शिक्षण संस्थानों की मान्यता का नवीनीकरण हो चुका हैं? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.01.2010 | *2. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सैफ विन्टर गेम्स आयोजित करने का समय कब निर्धारित किया गया था? क्या निर्धारित कार्यक्रम में अब तक कोई परिवर्तन किया गया है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा सैफ विन्टर गेम्स को आयोजित करने की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>20.01.2010 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में विद्युत कटौती की जा रही है? यदि हां, तो विद्युत कटौती किये जाने के क्या कारण है? | ऊर्जा |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>20.01.2010 | *4. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में स्वीकृत लघु जल विद्युत परियोजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है? यदि हां, तो क्या निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा तक की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>21.01.2010 | *5. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत वर्तमान में कुल कितनी लघु जल विद्युत परियोजनाओं से विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रदेश में जनपद वार कितनी परियोजनायें कब से बन्द पड़ी है? क्या सरकार द्वारा परियोजनाओं को ठीक कराये जाने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>21.01.2010 | *6. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए प्रदेश को कितने सुरक्षा अधिकारियों/कर्मियों की आवश्यकता है? क्या प्रदेश में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए सरकार कोई विशेष कार्य योजना तैयार कर रहीं हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22.01.2010 | *7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा राज्य में सड़क बनाने के उपरान्त राज्य सेक्टर एवं जिला सेक्टर की सड़कों का अनुश्रवण एवं केन्द्र पोषित सड़कों यथा पी0एम0जी0एस0वाई0 के अनुश्रवण का समय बराबर हैं? यदि नहीं, तो क्यों तथा इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार इस विसंगति को दूर करेंगी? यदि हां, तो कब तक? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22.01.2010 | *8. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलेपमेन्ट बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से लिए जा रहे ऋण का अनुश्रवण वित्त विभाग द्वारा किया जाता है? यदि हॉ, तो वर्तमान में प्रदेश की ऋण ग्रस्तता की स्थिति क्या है? क्या सरकार सम्पूर्ण स्थिति सदन के पटल पर रखेंगी? यदि नही, तो क्यों? | **वित्त** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>29.01.2010 | *9. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल क विकास खण्ड जाखणीधार, थौलधार, चम्बा, प्रतापनगर तथा देवप्रयाग अनावृष्टि के कारण भयंकर सूखे की चपेट में हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों के निवासियों को राहत प्रदान करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>29.01.2010 | *10. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार द्वारा सरकारी वायुयानों/हैलीकाप्टरों के उपयोग के सम्बन्ध में नीति का निर्धारण किया हैं? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>29.01.2010 | *11. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से राहत राशि प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा नीति का निर्धारण किया गया है? यदि हां, तो उसका स्वरूप/मापदण्ड क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>02.02.2010 | *12. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि यमुनावृत्त के अन्तर्गत काश्तकारों को परम्परागत् रूप से मिलने वाली पीड़ी की सुविधा एवं हक हकूक समाप्त कर दिये गये है जिससे काश्तकारों को मिलने वाली इस परम्परागत् सुविधा के अभाव में पीड़ी की लकड़ी न मिलने से परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सुविधा को मुहैया कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>10.02.2010 | *13. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार की अनुमति से शैक्षिक सस्थानों एवं पर्यटन विकास हेतु क्रय की गई भूमि का भू–उपयोग प्लान 2025 में कृषि के रूप में रखा गया है जिस कारण पर्यटन संस्थान/शैक्षिक संस्थानों के मानचित्र को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नही किया गया/निरस्त कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकार के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जोनल प्लान में मास्टर प्लान की विसंगति को दूर करके उक्त भूमि का भू–उपयोग संशोधित कर शैक्षिक संस्थान/पर्यटन संस्थान की स्थापना में सहायता प्रदान करेंगी? यदि हां, तो कैसे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>17.02.2010 | *14. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुजफ्फरनगर गोलीकांड में कितने आन्दोलनकारी शहीद हुये और कितने लापता हुये? उक्त गोलीकांड में आज तक कितने लापता आन्दोलनकारी वापस आये और कितनों का सुराग नहीं मिला है? जिन आन्दोलनकारियों का आज तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, क्या सरकार द्वारा उन्हें मृतक घोषित कर उनके परिजनों को सहायता प्रदान कर दी गई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>20.01.2010 | 1. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लागू अधिनियम के कठोर क्रियान्वयन के कारण कितनी विकास योजनायें प्रभावित हुई हैं? क्या सरकार उक्त अधिनियम में संशोधन के लिए कोई उपाय कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री यशपाल बेनाम<br>22.01.2010 | 2. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि पौड़ी में 'रासी स्टेडियम' के निर्माण का प्रकरण विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22.01.2010 | 3. क्या सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को पहचान पत्र देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक पहचान पत्र जारी किये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22.01.2010 | 4. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राजकीय सेवाओं में महिलाओं को आरक्षण देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **5.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में विद्युत की नियमित आपूर्ति नहीं की जा रही है? क्या यह सत्य है कि विधान सभा क्षेत्र के कुछ राजस्व गांव व मझरे अभी भी बिजली की सुविधा से वंचित हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **6.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ऐसे कितने मोटर पुल हैं जो अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण हो गये है तथा जिन पर मोटर गाड़ियों का चलना सम्भव नहीं है? क्या सरकार ऐसे मोटर पुलों की जगह नये मोटर पुलों का निर्माण करवाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **7.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित सरकारी व गैर सरकारी एम्बुलैन्स मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं? यदि नहीं, तो सरकार ऐसे एम्बुलैन्स संचालकों के विरूद्ध क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **8.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009–2010 में "मुख्यमंत्री आर्थिक कोष" से कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है तथा "मुख्यमंत्री आर्थिक कोष" से धन आवंटन करने के क्या मानक हैं? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>22.01.2010 | **9.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कौन–कौन सी योजनाओं का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है तथा इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है? क्या सरकार इन योजनाओं को प्रदेश के सभी जिलों में संचालित कर रही है? यदि हां, तो योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कराये गये कार्यो का जनपद वार विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>22.01.2010 | **10.** क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत जिला तथा ब्लॉक स्तरीय युवक समितियों का गठन चुनाव द्वारा किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जिला तथा ब्लॉक समितियों का चुनाव कब हुआ? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री राजेश जुवांठा<br>25.01.2010 | **11.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी जनपद के अन्तर्गत पुरोला विधान सभा क्षेत्र के " सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों" राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालयों में कितने चिकित्सक वर्तमान में कार्यरत हैं तथा कितने केन्द्रों में चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं? क्या सरकार चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने हेतु कोई कदम उठा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>25.01.2010 | **12.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त जनपद उत्तरकाशी के "रवांई क्षेत्र" यमुनाघाटी में " महिला पॉलिटैक्निक खोले जाने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>25.01.2010 | **13.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत "रवांई घाटी" नौगांव हेतु पूर्व सरकार द्वारा एक "अग्निशमन केन्द्र" स्वीकृत किया गया था? यदि हां, तो अभी तक उक्त "अग्निशमन केन्द्र' की स्थापना न किये जाने के क्या कारण है तथा कब तक उक्त स्थान पर "अग्निशमन केन्द्र' स्थापित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>25.01.2010 | **14.** क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश से दिल्ली जाने वाले महानुभावों/अधिकारियों के दिल्ली प्रवास के लिए उत्तराखण्ड आवास के अतिरिक्त और कहां–कहां व्यवस्थाऐं की गई है? क्या विगत 5 वर्षो में इन प्रवास स्थलों में किए गये व्यय का मदवार विस्तृत विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | **राज्य सम्पत्ति** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>27.01.2010 | **15.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आपदा ग्रस्त गांवों के पुनर्वास हेतु कोई भूमि का सर्वेक्षण कराया गया है? यदि हां, तो कुल कितने गांवों का? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आपदा ग्रस्त गावों में विस्थापन के लिए चयनित कुल परिवारों कि संख्या कितनी होगी तथा आपदा ग्रस्त गांवों के विस्थापन के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>28.01.2010 | **16.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जिला ऊधमसिंह नगर के ब्लॉक जसपुर में वन क्षेत्र से लगी सीमाओं पर किसानों की फसल को वन्य जीवों से बचाव हेतु सौर ऊर्जा आधारित विद्युत तार बाढ़ लगाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>28.01.2010 | **17.** क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियमन व नियंत्रण वर्ष 2000 संशोधन 2010 के अन्तर्गत पारित नये नियमों को लागू करने हेतु क्या उत्तराखण्ड सरकार ने कोई निर्देश जारी किये है? यदि हां, तो इस संशोधन के अन्तर्गत राज्य सरकार को साल में अधिकतम 15 दिन रात में 10 बजे से रात्रि 12 बजे ध्वनि यंत्र संचालित करने के लिये अधिसूचना जारी कर दी गयी है? यदि हां, तो उसकी सूची क्या है? यदि नहीं, तो यह अधिसूचना कब तक जारी की जायेगी? | **पर्यावरण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.01.2010 | **18.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर की कुल कितनी सड़के वन भूमि हस्तान्तरण की प्रक्रिया में किस–किस स्तर पर लम्बित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वन भूमि हस्तान्तरण में विलम्ब के क्या कारण है? वनभूमि के हस्तान्तरण से सम्बन्धी सभी विकास योजनाओं के निस्तारण के लिए क्या सरकार द्वारा पूर्व में कोई प्रयास किये गये है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.02.2010 | **19.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने राजकीय यूनानी चिकित्सालय है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने चिकित्सक कार्यरत है और कितने पद रिक्त है? क्या सरकार सभी यूनानी चिकित्सालयों में रिक्त चिकित्सकों के पदों पर नियुक्तियां करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.02.2010 | **20.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि तहसील लकसर जिला हरिद्वार के अन्तर्गत रायसी–बालावाली अतिरिक्त रेलवे पुल को रेलवे विभाग द्वारा राज्य सरकार को हस्तान्तरित कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का सुदृढीकरण करायेगी तथा कब तक पुल को यातायात हेतु खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.02.2010 | **21.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढांग जनपद–हरिद्वार के ग्राम संराय में 100 के0वी0ए0 का विद्युत ट्रांसफार्मर व ग्राम सुलतानपुर आदमपुर के मुहल्ला ढाब में 400 के0वी0ए0 व मुहल्ला मीरवाला में 400 के0वी0ए0 के ट्रांसफार्मर वर्ष जनवरी 2010 में खराब हो गये थे? यदि हां, तो विद्युत ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग द्वारा नियमानुसार 48 घंटे में न बदलने के क्या कारण है? क्या सरकार ट्रांसफार्मर समय से न बदलने वाले लापरवाह विद्युत कर्मियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.02.2010 | **22.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार की तहसील लकसर व तहसील हरिद्वार में गत वर्ष में हुई आग की घटनाओं के दृष्टिगत ग्राम सुलतानपुर आदमपुर व ग्राम फेरूपुर में अग्निशमन दल केन्द्र का गठन जनहित में करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.02.2010 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 121 के अन्तर्गत तिरपाली सैण थैलीसैण मोटर मार्ग के सुधार एवं विस्तार हेतु कब कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अब तक किए गए निर्माण कार्य तथा व्यय की गई धनराशि का विवरण क्या है तथा कब तक इस मार्ग का सुधार एवं विस्तार कार्य पूर्ण किया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>02.02.2010 | **24.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत दुनाव जल विद्युत परियोजना कब स्वीकृत हुई तथा इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि व्यय की गई धनराशि से किए गए निर्माण कार्यों का विवरण क्या है तथा कब तक इस योजना का निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा? | ऊर्जा |
| श्री राजेश जुवांठा<br>02.02.2010 | **25.** क्या स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र में क्रमशः आराकोट, टिकोची, मोरी, लिवाडी, पुरोला, सी0एच0सी0, गडोली (सराड़ी) नौगांव आदि स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा की मूलभूत सुविधाऐं जैसे स्टाफ, डाक्टर, लेडी डाक्टर, फार्मेसिस्ट, दवा, उपकरण आदि की समुचित व्यवस्था के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>02.02.2010 | **26.** क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय में वर्ष 2008 में नैत्यिक लिपिक/कम्प्यूटर आपरेटर पदों के लिए प्रकाशित विज्ञापन के विरूद्व 26 जुलाई, 2009 को परीक्षा ली गई है? यदि हां, तो अब तक रिक्त पदों पर नियुक्ति न करने के क्या कारण हैं? क्या सरकार विश्वविद्यालय में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयता देकर नियुक्ति प्रदान करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृत शिक्षा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.02.2010 | **27.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के महाविद्यालय मयाली (जखोली) में नियुक्त प्रवक्ता अंग्रेजी को देहरादून स्थित/सूचना विभाग में सम्बद्व कर दिया गया है जिसके कारण महा विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है? यदि हां, तो प्रवक्ता की सूचना विभाग के कार्यालय में सम्बद्व किए जाने का कारण एवं औचित्य क्या है तथा कब तक सम्बद्वीकरण समाप्त कर उक्त प्रवक्ता को उनकी मूलनियुक्ति स्थान पर तैनाती की जायेगी? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>03.02.2010 | **28.** क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री अवगत हैं कि आफिसर्स कालोनी, रेसकोर्स में टाईप–2 एवं टाईप–1 में एक ही पेयजल संयोजन से एक से अधिक संयोजन दिये गये हैं? यदि हां, तो क्या इन संयोजनों को अलग किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>03.02.2010 | **29.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2009 में विभाग द्वारा जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के अन्तर्गत शास्त्रीनगर (हरिद्वार रोड़) में स्ट्रीट न0 1 से 6 तक के दोनों ओर नालियां बनाने हेतु खुदान किया गया था, जिसके फलस्वरूप घरों की स्लेब भी क्षतिग्रस्त हो गयी? क्या यह भी सत्य है कि उक्त खुदान के कारण सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गयी हैं? यदि हां, तो क्या सरकार बरसात प्रारम्भ होने के पूर्व शास्त्रीनगर की सड़कों व नालियों को बनाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>05.02.2010 | **30.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल पट्टी मवालस्यू के अन्तर्गत सन्तूधार पावो मुख्य मार्ग पर मटेलना के पुल से पिलखेरा, मैडा सगोड़ा होते हुए ईड़ाखाल तक निर्माणाधीन मोटर मार्ग के कारण ग्राम सगोड़ा की एक मात्र गूल नष्ट हो गयी है? क्या यह सत्य है कि उक्त ग्राम की कुल खेती का लगभग 70 प्रतिशत भाग इसी क्षतिग्रस्त गूल से सिंचाई होती है? यदि हां, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त गूल को अविलम्ब बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? | **लोक निर्माण** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09.02.2010 | **31.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर रानीखेत रोड़ पर जिम कार्बेट पार्क के बाह्य क्षेत्रों में खुले होटल एवं रिर्सोट की स्थापना एवं कार्य प्रबन्धन हेतु सरकार ने कोई नीति बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09.02.2010 | **32.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर की कताई मिल में निष्प्रयोज्य पड़ी भूमि पर खेल स्टेडियम बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09.02.2010 | **33.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कार्बेट टाइगर रिजर्व में पिछले तीन वर्षो में कुल कितने टाइगर एवं गुलदार मृत पाये गये? इनमें से कितने शवों का शव विच्छेदन के पश्चात् विसरा जांच हेतु भेजा गया तथा उनमें से कितने की विसरा जांच रिपोर्ट अब तक उपलब्ध हो पायी है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इन टाइगर एवं गुलदार की मृत्यु का क्या कारण पाया गया? | **वन** |
| श्री गणेश जोशी<br>09.02.2010 | **34.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल में लोक निर्माण विभाग चम्बा के अन्तर्गत क्यारी चापड़ा मोटर मार्ग स्थान लालूरी के पास काफी समय से बन्द है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुये उक्त मोटर मार्ग को आवागमन हेतु खोलने की स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

श्री गणेश जोशी
09.02.2010

**35.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–123 पर स्थान नैनबाग जनपद टिहरी गढ़वाल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकृत किये जाने की मांग काफी समय से की जा रही है? यदि हां, तो उक्त अस्पताल को उच्चीकृत न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुये उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनबाग को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकृत करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

श्री गणेश जोशी
10.02.2010

**36.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में राजपुर विधान सभा क्षेत्र के डाण्डा लखौण्ड, चिड़ौवाली, गुजराड़ा, कृषाली, खैरी मानसिंह तथा विधान सभा सीमा से लगे गांव गढ़ी कैण्ट, डाकरा, विजयपुर, हाथीबडकला, नया गांव, अनारवाला, गोपीवाला, गुच्चुपानी, गुनियाल गांव, पुरोहितवाला, जैतनवाला, गजियावाला, भगवनपुर, जोहड़ी मालसी, कुटालगांव, बिष्टगांव, बिलासपुर कांडली सहित क्षेत्रों में भवनों के ऊपर से 33 के0वी0 हाईटेंशन लाइन गुजर रही है जिससे आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उपराक्त क्षेत्रों में आवासीय भवनों के ऊपर से गुजरने वाले विद्युत तारों व भवनों से सटे खम्भों को हटाने के लिए योजना बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

श्री गणेश जोशी
11.02.2010

**37.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि देहरादून जनपद की ग्राम पंचायत भगवतपुर के अन्तर्गत कोई भी खेल का मैदान नहीं है? क्या यह सत्य है कि उक्त ग्राम पंचायत के कई प्रतिभावान खिलाड़ी जो कि प्रदेश में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं खेल का मैदान न होने से अभ्यास नहीं कर पाते है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत के अन्तर्गत खेल का स्टेडियम बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**खेल**

श्रीमती अमृता रावत
11.02.2010

**38.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान बैजरों में स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का विस्तार एवं सुधार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
11.02.2010

**39.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से ध्वस्त/क्षतिग्रस्त माध्यमिक विद्यालय भवनों के पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्वार के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्रांक–1942/विधायक/3–शिक्षा/2009–10 दिनांक 20.08.2009 कब प्राप्त हुआ है और पत्र में वर्णित विद्यालयों के भवनों के निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक दैवीय आपदा से ध्वस्त/क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों का पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्वार किया जायेगा?

**आपदा प्रबन्धन**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>15.02.2010 | **40.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के स्थान नौगांवखाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु कब कितनी धनराशि किस शासनादेशानुसार स्वीकृत की गई है और भवन निर्माण का कार्य कब प्रारम्भ किया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि अनुबन्ध के अनुसार भवन निर्माण कार्य कब पूर्ण किया जाना निर्धारित है तथा क्या निर्धारित अवधि के अन्दर भवन निर्माण पूर्ण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>15.02.2010 | **41.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य गठन के उपरान्त देहरादून जिला मुख्यालय में एक भी राजकीय महाविद्यालय स्थापित नहीं किया जा सका है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि राजपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत डी0ए0वी0 (पी0जी0) कालेज में छात्र/छात्राओं की संख्या उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की तुलना में कई गुना बढ़ चुकी हैं? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय इण्टर कालेज गुजराड़ा को राजकीय महाविद्यालय में उच्चीकृत करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>15.02.2010 | **42.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में राजपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डाण्डा लखौण्ड में स्थित डाण्डा नूरीवाला में राजीव गांधी के नाम से खेल के मैदान का निर्माण कार्य सिडकुल आई0टी0पार्क द्वारा किया जा रहा था? क्या यह सत्य है कि उक्त खेल के मैदान का निर्माण कार्य विगत डेढ़ साल से अधिक समय से रूका हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त खेल मैदान का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय मंगलवार के अतारांकित 08 में स्था0** |
| श्री मयूख महर<br>15.02.2010 | **43.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में सेना द्वारा अधिगृहीत सैन्य क्षेत्र में पैमाइसी मार्गो पर तार बाड़ की जा रही है जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लगभग 50 ग्रामों के निवासियों को अपने दैनिक प्रयोग के रास्तों के बन्द होने से अत्यधिक परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या विभाग उक्त प्राचीन प्रचलित पैमाइसी रास्तों को खोलने हेतु प्रयास करेगा व क्षेत्रवासियों हेतु दैनिक आवाजाही के मार्गों को निर्धारित करायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>15.02.2010 | **44.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में एन0एच0 125 में बोर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन को उक्त मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण हेतु किये जा रहे कार्य के मलवे को निस्तारित करने हेतु स्थान निर्दिष्ट हैं? क्या उक्त संस्था निर्दिष्ट स्थानों में ही मलवा डाल रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगे कि सम्पूर्ण मोटर मार्ग के चौडीकरण से फेंके गये मलवे से कितने हैक्टेयर वन क्षेत्र क्षतिग्रस्त हुआ व कितने वृक्षों को नष्ट किया जा चुका है? क्या सरकार उक्त कार्यवाही को रोकने हेतु कोई कदम उठा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>15.02.2010 | **45.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में ए0डी0बी0 द्वारा थल ओगला मोटर मार्ग के चौड़ीकरण व डामरीकरण के कार्य में मानकों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है? क्या आंकलन में उक्त मार्ग के रोड/मोडों के चौड़ीकरण का प्राविधान है? यदि हां, तो उक्त मार्ग का निर्माण कर रही कम्पनी द्वारा मार्ग का चौड़ीकरण न किये जाने के क्या कारण है? क्या यह सत्य है कि बिना चौड़ीकरण किये ही विभाग द्वारा कम्पनी को भुगतान किया जा रहा है? यदि हां, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>15.02.2010 | **46.** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि ए0डी0बी0 परियोजना के अन्तर्गत पीपलकोट झूलाघाट मोटर मार्ग की चौड़ीकरण एवं डामरीकरण करने वाली कम्पनी द्वारा गौरीहाट कस्बे में रा0इ0का0 गौरीहाट से व गौरीहाट बाजार से मात्र 50 मीटर की दूरी पर हाटमिक्स प्लांट स्थापित किया गया हैं? क्या यह सत्य है कि उक्त प्लान्ट से निकलने वाली गैस से उक्त क्षेत्र के छात्र छात्राओं व ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो उक्त प्लांट पर्यावरण के मानकों के अनुरूप लगाया गया है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त प्लान्ट को अन्यत्र स्थापित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्री ओम गोपाल रावत<br>15.02.2010 | **47.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी तहसील अन्तर्गत वन विभाग द्वारा निर्मित धनोल्टी–नागटिब्बा हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित करते हुये, लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर डामरीकरण की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस द्वारा लम्बे समय से की जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुये उक्त हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित कर लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करेगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी तसलीम अहमद<br>16.02.2010 | **48.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को निर्धारित नियमानुसार 48 घंटों में विभाग द्वारा बदला नहीं जा रहा हैं? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार विभाग के नियमों के अनुसार कार्य न करने एवं अधिकारियों द्वारा की जा रही लापरवाही को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| हाजी तसलीम अहमद<br>16.02.2010 | **49.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग जिला हरिद्वार में कितने महिला स्वास्थ्य केन्द्र है जिनमें प्रसूति की सुविधा है? क्या सरकार जनहित में विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग के ग्राम–सुलतानपुर, आदमपुर व ग्राम धनपुर में महिला स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| हाजी तसलीम अहमद<br>16.02.2010 | **50.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विद्युत भण्डारों में माह जनवरी, 2010 में ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की क्या स्थिति है? क्या यह सत्य है कि स्टोर से ट्रांसफार्मर की मांग किये जाने पर ट्रांसफार्मर समय पर नही मिलते है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्टोरों हेतु ट्रांसफार्मर उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मयूख महर<br>16.02.2010 | **51.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में स्पोर्ट्स कालेज खोलने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव पर कब तक विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>17.02.2010 | **52.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद के अन्तर्गत कलशा नदी में मलुवाताल नामक स्थान पर एक झूला पुल स्वीकृत हुआ था, जिसका एक अबेटमेंट वर्षों पूर्व बनकर तैयार भी हो गया है? क्या यह सत्य है कि वर्षो से इस पुल का निर्माण अधूरा बन्द पड़ा है? क्या सरकार के पास उक्त पुल को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन हैं? यदि हां, तो कब तक पुल निर्माण का कार्य पूर्ण हो जायेगा? क्या सरकार यह भी बतायेंगी कि अब तक खर्च की गयी धनराशि का क्या औचित्य हैं? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>17.02.2010 | **53.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून प्रदेश की राजधानी होने के कारण यहां स्थित दून अस्पताल में मरीजों की संख्या अस्पताल को क्षमता से अधिक रहती है? यदि हां, तो क्या यह सत्य हैं कि अस्पताल में बैड न होने के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है? यदि हां, तो क्या सरकार अस्पताल में मरीजों की सुविधा के दृष्टिगत अतिरिक्त बैड की व्यवस्था हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>17.02.2010 | **54.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत स्थित एकता विहार, सहस्रधारा रोड़ लेन न0 10 में स्थानीय निवासी विगत तीन वर्ष से बिजली आपूर्ति हेतु खम्भें की लगातार मांग कर रहे हैं? यदि हां, तो अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या हैं और कब तक उक्त क्षेत्र में विद्युत खम्भे स्थापित कर दिए जाएंगें? | **ऊर्जा** |
| कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''<br>17.02.2010 | **55.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में खेल प्रशिक्षकों को वर्तमान में दिया जा रहा मानदेय अन्य राज्यों की अपेक्षाकृत काफी न्यून है? क्या प्रश्नकर्ता द्वारा उनकों प्रेषित पत्रांक: ख–33830 दिनांक 05 नवम्बर, 2008 में उल्लिखित मापदण्ड के अनुरूप, यथा स्थिति में संशोधन कर, मानदेय में वृद्वि की जाएगी? यदि हां, तो कब तक तथा विभिन्न श्रेणीवार कितनी वृद्धि सरकार द्वारा की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री मयूख महर<br>17.02.2010 | **56.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है कि जिन अस्पतालों में डाक्टर या फार्मासिस्ट नियुक्त नहीं है वहां दवाईया न भेजी जाय? यदि हां, तो उस क्षेत्र के मरीजों के लिए विभाग द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी? | **स्वास्थ्य** |